Light of Life Trust

# लाइट ऑफ लाइफ टाइम्स

अंक २२ वा

जुलाई २०२३

## हमारा मिशन

**जीवन में एक बार गरीबी के पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले चक्र को तोड़ना।**

१८+ सालों में हमने भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ५,४८,०३९ से ज्यादा लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। हमारी पहल हमारे प्रोजेक्ट्स – आनंदो और जागृति के माध्यम से शिक्षा, समुदाय और कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों तक फैली हुई है।

## हमारा बोर्ड

- सुश्री विली डॉक्टर – संस्थापक एवं प्रबंध ट्रस्टी
- सुश्री गायत्री रुइया – ट्रस्टी
- श्री मनोज मुरारका – ट्रस्टी
- श्री जितेंद्र मेहता – ट्रस्टी
- श्री पुनीत बी. आनंद – ट्रस्टी
- श्री अशदीन डॉक्टर – ट्रस्टी

## रन फॉर एजुकेशन – लाइट ऑफ लाइट ट्रस्ट इंटरनेशनल वर्चुअल मैराथन २०२३ – आई रन दे लर्न!

**तथ्य: ग्रामीण भारत में ४२ मिलियन बच्चे सेकेंडरी स्कूल की पढ़ाई छोड़ देते हैं।**

इस साल हम १००० बच्चों को फिर से स्कूल भेजने के लिए दौड़ का आयोजन कर रहे हैं।

परिस्थिति बदलें, सभी के लिए शिक्षा के संदेश को फैलाने के लिए, एक बहुत ख़ास इंटरनेशनल वर्चुअल रन, 'रन फॉर एजुकेशन' में हमारे साथ शामिल हों।

लाइट ऑफ द लाइट ट्रस्ट का रन फॉर एजुकेशन, ग्रामीण भारत के बच्चों को शिक्षित करने और शिक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित दुनियाभर के लोगों और धावकों को साथ ले कर आएगा।

इसे हाथ से जाने न दें।

एलओएलटी रन फॉर एजुकेशन ड्ड जहां आई रन एंड दे लर्न। तो, रजिस्टर करें और इस दौड़ में शामिल हों, १३ अगस्त से १५ अगस्त २०२३ के बीच कहीं से भी, किसी भी समय चलना या दौड़ना शुरू करें। एकत्र की गई पूरी राशि बच्चों की शिक्षा के लिए दान कर दी जाएगी।

रजिस्ट्रेशन लिंक: https://cyruns.in/lolt/

या क्यूआर कोड को स्कैन करें




## मंथन २१ – "लीडर्स के साथ संगठन की संस्कृति को बढ़ावा देना"




manthan



२० और २१ जून को, मुंबई में लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट के टीम लीडर्स के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग सेशन का आयोजन किया गया। की नोट सेशन सबसे पहले लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट के **संस्थापक और प्रबन्ध ट्रस्टी, विली डॉक्टर**, और फिर उसके बाद **सीईओ, श्री रमेश दासवानी, सीओओ, सुश्री कमल दमानिया, आनंदो के शिक्षा प्रमुख, श्री सुधीर कुमार गजभिए, रिसोर्स मोबिलाइजेशन प्रमुख, सुश्री शीला अईयर, वित्त प्रमुख, श्री मालिक गोब्रानी, ट्रस्टी, श्री अशदीन डॉक्टर** और एमेरिटस, एलओएलटी के **सीईओ श्री प्रदीप कोप्पिकर** ने भाग लिया।

# हमें आप पर गर्व है।



**श्री. वैभव मनवर**

जिला वाशिम के शेलुबाजार सेंटर आनंदो प्लस के छात्र ने एमपी लॉ कॉलेज, औरंगाबाद से बैचलर ऑफ लेजिस्लेटिव लॉ (एलएलबी) पूरा किया है और मास्टर ऑफ लेजिस्लेटिव लॉ (एलएलएम) में दाखिला लिया है। वह तीसरे छात्र हैं जिसने वाशिम जिले से कानून में स्नातक की पढ़ाई पूरी की है। वह औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायालय में एक वकील की हैसियत से काम कर रहे हैं।




**श्रीमती निकिता सीताराम माउले**

जिला रायगढ़ के मनगांव सेंटर आनंदो प्लस की छात्रा का चयन मुंबई पुलिस में हो गया है।



**श्रीमती सारिका खुरशिंगे**

जिला वाशिम के मंगरूलपीर सेंटर आनंदो प्लस की छात्रा अपना बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (कंप्यूटर साइंस) पूरा करने के बाद वर्ष २०२० में परभणी जिले के जिन्तुर में एक प्रोबेशनरी अधिकारी के रूप में महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक से जुड़ी हैं। अब उन्हें सहायक प्रबंधक के पद पर पदोन्नति मिली है। वह एक ऐसे जनजातीय समुदाय से ताल्लुक रखती हैं जहां लड़कियों को अपनी पढ़ाई पूरा करने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाता है और एक इंजिनियर के रूप में भविष्य बनाना और नौकरी करना दूर की बात है। वह अपनी साथियों के लिए एक आदर्श बन गई हैं, जिनसे उन्हें उनके नक़्शेकदम पर चलने की प्रेरणा मिली है।



**श्रीमती. गीता कचरे**

जालना तालुका के भतेपुरी सेंटर आनंदो प्लस की छात्रा ने मुंबई पुलिस में नौकरी पाने में सफलता हासिल की है।



**श्री सुरज भारसंडे**

जिला जालना के भतेपुरी सेंटर आनंदो प्लस के छात्र ने आईटीआई से अपना डिप्लोमा पूरा किया और लार्सन एंड टुब्रो आर्गेनाईजेशन ने उनके कॉलेज द्वारा आयोजित रोजगार मेले के माध्यम से उनका चयन किया है।



**श्रीमती कोमल भांडारगे**

जिला जालना के मथपिम्पलगांव ग्राम के आनंदो प्लस की छात्रा ने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन में अपना बैचलर पूरा किया और इंजिनियर के पद पर वोडाफोन आईडिया लिमिटेड ने उनका चयन किया है।



**श्रीमती. शमा सिद्दिकी**

**श्रीमती शमा सिद्दिकी**, कर्जत क्षेत्र से आनंदो प्लस की छात्रा, जी.एस. मेडिकल कॉलेज (केईएम) से व्यावसायिक चिकित्सा (ऑक्यूपेशनल थेरेपी) में पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाली एलओएलटी की पहली छात्रा हैं जिन्होंने अपने कॉलेज के प्रथम वर्ष में पहली रैंक पाकर शानदार परिणाम हासिल किया है और महाराष्ट्र हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी में पहला स्थान प्राप्त किया है। वह क्राफ्ट्समाला और श्री सुधाकर रेड्डी से प्राप्त होने वाली छात्रवृत्ति के माध्यम से अपनी व्यावसायिक पढ़ाई जारी रखे हुए हैं।

# समाचार और अपडेट

## कर्जत तालुका के ग्राम थोम्बरवाड़ी में वाटर सोर्स प्रोजेक्ट का उद्घाटन



२२ अप्रैल को, थोम्बरवाड़ी के २०० ग्रामीण पिछले २० वर्षों से चली आ रही अपनी पानी की किल्लत के स्थाई समाधान के साक्षी बने। राजकमल बजाज फाउंडेशन के साथ साझेदारी में, गांव से २ किमी की दूरी पर एक स्थानीय परिवार द्वारा दी गई जमीन के एक टुकड़े पर एक कुआं खोदा गया जहां साल भर बहने वाला एक झरना मौजूद है। सुश्री सीमा बजाज (राजकमल बजाज फाउंडेशन) ने ग्रामीणों और अन्य गण्यमान व्यक्तियों की उपस्थिति में कुएं का उद्घाटन किया।



## टेबलेट लाइब्रेरी का उद्घाटन

छात्रों के लिए टैबलेट लाइब्रेरी की अवधारणा जून माह के दूसरे सप्ताह में वाशिम, कर्जत, यवतमाल, मनगांव और अलीबाग इलाके में शुरू की गई। यह टैबलेट लाइब्रेरी एलओएलटी के लाभार्थियों को इस डिजिटल लर्निंग टूल का उपयोग करते हुए अपने शिक्षा को बढ़ावा देने में सहयोग करेगी।



## पार्टनर्स विजिट ह बजाज होल्डिंग एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड




८ जून को, बजाज फाइनेंस लिमिटेड के अध्यक्ष और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) - बजाज फिनसर्व के ग्रुप हेड श्री कुरुष ईरानी, सीएसआर - बजाज फिनसर्व की डेप्यूटी नेशनल लीड- लीना राजन, कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी - बजाज फाइनेंस लिमिटेड की वरिष्ठ प्रबंधक- पूजा कांबले, और बजाज फिनसर्व की उप प्रबंधक सारिका हरके ने कर्जत क्षेत्र में लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट सेंटर का दौरा किया। उन्होंने आनंदो प्लस के छात्रों और उनके अभिभावकों से बातचीत की और घर-घर जाकर मुलाक़ात की। उन्होंने सुश्री शुभांगी मोरे द्वारा शुरू किए गए उद्यम, ऑप्टिकल स्टोर का दौरा किया, और विदेश में काम करने वाले श्री आदेश देशमुख के साथ एक वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत की। माता-पिता और लाभार्थियों ने बजाज होल्डिंग्स एंड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड द्वारा दिए जाने वाले निरंतर समर्थन के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

## ऑल कार्गो लॉजिस्टिक्स के सहयोग से पेड़ लगाने के लिए – गड्ढा खोदना



कर्जत क्षेत्र की पर्यावरण संरक्षण टीम ने ६00 नए किसानों को वास्तव में फलदार पौंधे वितरित करने से पहले जून माह में कर्जत तालुका, जिला रायगढ़ के २९ गांव में गड्ढा खोदने का अभियान चलाया।

## तृषा इन्फोटेक के सहयोग से कंप्यूटर ट्रेनिंग



लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट ने तृषा इन्फोटेक के सहयोग से कर्जत तालुका के डिस्कल सेंटर के आनंदों प्लस के २0 लाभार्थियों के लिए कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाया। तृषा इन्फोटेक के द्वारा लाइट ऑफ लाइफ के लाभार्थियों को एक माह का कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग प्रोग्राम निशुल्क प्रदान किया जाता है।

## सौन्दर्य एवं सिलाई-कढ़ाई किट का वितरण



५ अप्रैल को, लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट ने वोडहाउस कैपिटल एडवाइजर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एलओएलटी वर्टीकल ङ्ग लाइवलीहुड एंड स्किल डेवलपमेंट के तहत तिवारे, कशेले और धासाई सेंटर के लाभार्थियों को सौन्दर्य एवं सिलाई-कढ़ाई की ३२ किट का वितरण किया। इन किट को श्री मनमोहन तिवाना (प्रबंध निदेशक और सीईओ), और वोडहाउस कैपिटल एडवाइजर प्राइवेट लिमिटेड के १२ टीम सदस्यों की मौजूदगी में वितरित किया गया।

## SCF4K - के स्वयंसेवक छात्र

एससीएफ४के के छः सदस्यों ने २६ से ३० जून तक एलओएलटी के वर्ली सेंटर में स्वयं सेवा की, जहां उन्होंने छात्रों से बातचीत की और गूगल डॉक्स पर काम करने और प्रभावशाली पीपीटी बनाने जैसे प्रभावी आधुनिक कौशल सिखाए।



## सेनेटरी नैपकिन का वितरण



ऑल्ट्री फाउंडेशन के सहयोग से कर्जत तालुका की एलओएलटी हेल्थ केयर टीम ने रायगढ़ जिले के कर्जत तालुका के १४ गांवों के ५१२ लाभार्थियों के लिए मासिक धर्म और मासिक धर्म स्वच्छता पर एक जागरूकता सेशन का आयजन किया। सेशन के बाद ४३४ लाभार्थियों को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए।




२४ मई को, माउंट लिटेरा स्कूल इंटरनेशनल, बीकेसी, मुंबई के छात्रों ने २५ ज़रूरतमंद बच्चियों और महिलाओं के लिए सेनेटरी नैपकिन वितरित करने के लिए धन जुटाया। मुंडेवाडी, कर्जत से २५ किलोमीटर दूर एक छोटा से कसबे को सेनेटरी नैपकिन के वितरण के लिए चुना गया था। मासिक धर्म पर जागरूकता सेशन के आयोजन के बाद सेनेटरी नैपकिन वितरण किया गया।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस उत्सव




७ अप्रैल को कर्जत, अक्कलकुवा, मुरबाद और दापोली में एलओएलटी की हेल्थकेयर टीमों द्वारा कुशीवली, मंदारा, घंटानी, खारशेट, कुंडाचिवाड़ी और पंचनदी गांवों के १४१ लाभार्थियों के लिए पोषण पर एक जागरूकता सेशन का आयोजन करके विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।

## विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस उत्सव





दिनांक २९ और ३० मई को, एलओएलटी की कर्जत तालुके की हेल्थकेयर टीम ने लॉयड्स इन्फायनाईट फाउंडेशन के साथ मिलकर विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया। कर्मचारियों और उनके परिवारों को शामिल करते हुए दो दिनों के दौरान सेशन मराठी, अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में आयोजित किए गए, ताकि सभी को आसानी से समझ में आ सकें। वरिष्ठ कर्मचारियों ने प्रतिभागियों को सेनेटरी नैपकिन के वितरण के साथ सेशन समाप्त किया। कार्यक्रम में लॉयड्स इनफिनिट फाउंडेशन के निदेशक श्री मधुर गुप्ता और निदेशक श्रीमती तुलसी गुप्ता ने भाग लिया।

## विश्व पर्यावरण दिवस उत्सव

५ जून को, खालापुर तालुका के बोरगाँव डैम के निकट चिन्चमाल ग्राम में कर्जत की पर्यावरण संरक्षण टीम ने ३० पौधे रोप कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। पौधे लगाना, पेड़ उगाना और वनों का संरक्षण करने का संदेश देना ही इसका उद्देश्य था।




## लाभार्थियों के लिए गायन और तबला वादन में समर वेकेशन प्रोग्राम



समर वेकेशन प्रोग्राम के तहत अनंत टीम ने २२ से २७ मई तक ५६ छात्रों के लिए गायन और तबला वादन की ट्रेनिंग का आयोजन किया। छात्रों ने ६ दिनों के इस कार्यक्रम में भाग लिया और गायन तकनीक और तबला वादन के अंगों के बारे में जाना, शास्त्रीय संगीत और घरानों के बारे में विशेष जानकारी हासिल की।

## एलओएलटी के टॉपर

### एसएससी टॉपर्स

१ चेतन केशव चवाण, वाशीम 

२ वेदांत बबन निंबेकर, जालना 

३ कोमल पांडुरंग बोडखे, वाशीम 

४ साक्षी संतोष गोवडे, वाशीम 

५ संजीवनी दिलीप काळे, वाशीम 

### एचएससी टॉपर्स

१ अमूल सेवाराम सारसकर, मध्य प्रदेश 

२ अनमिता गुरीअर, राजस्थान 

३ किरण शंभू रेगर, राजस्थान 

४ योगिता महादेव चौधरी, वाशीम 

५ प्रतिक संदेश मोरे, वाशीम 

## आनंदो प्लस के छात्रों के लिए ट्रेनिंग सेशन




रेड डॉट फाउंडेशन - सेफसिटी के सहयोग से लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट ने कर्जत क्षेत्र के आनंदो प्लस के लाभार्थियों के लिए 'स्टैंड-अप अगेंस्ट स्ट्रीट हैरेसमेंट' नामक एक ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया। लाभार्थियों के लिए इस सेशन का संचालन रेड डॉट फाउंडेशन सेफसिटी की प्रोग्राम एवं आउटरीच अधिकारी, सुश्री प्रगति वैश्य ने किया।

## लाईट ऑफ लाईफ के स्वयंसेवक



२२ मई से लेकर २५ जून तक, एनएमआईएमएस, स्कूल ऑफ डिजाइन की छात्रा सुश्री इशिता देव ने लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट के मुख्य कार्यालय में अपनी वालंटियर इंटर्नशिप पूरी की। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने आगामी लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट इंटरनेशनल वर्चुअल मैराथन और सोशल मीडिया पोस्ट के लिए क्रिएटिव डिजाइन करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।



८ मई से लेकर १० जून तक, **फ्लेम** यूनिवर्सिटी की सुश्री कृष्णा शाह और सुश्री सानिया जैन ने लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट के कफ परेड सेंटर में अपनी वालंटियर इंटर्नशिप पूरी की। उन्होंने विभिन्न कौशल कार्यक्रमों में भाग लेने वाली महिला लाभार्थियों को सार्वजनिक भाषण, व्यक्तित्व विकास और अंग्रेजी बोलना सिखाने के लिए स्वेच्छा से काम किया।

## आगामी कार्यक्रम




लाइलाज मरीजों के जीवन को बदलने के उद्देश्य के साथ, लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट पेश करते हैं अपना म्यूज़िकल फंडरेज़र "जावेद अली लाइव इन कॉन्सर्ट"..

**शुक्रवार – ०३ नवंबर, शाम ७:०० बजे**
**वेन्यू : टाटा थिएटर, एनसीपीए**
पास बुकमायशो पर उपलब्ध हैं

## संपर्क

**मुख्य कार्यालय :**
वन बीकेसी, सी–विंग, यूनिट नं.: १५१६, प्लॉट नं.: सी–६६,
जी–ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई),
मुंबई – ४०० ०५१.    फोन नंबर: +९१ २२ ६९०४ ७४७०
ईमेल : connect@lightoflif

**शाखा कार्यालय :**
**महाराष्ट्र :** अहमदनगर • अकोला • अलीबाग • जालना • कर्जत • मनक्षांव • मुंबई • मुरबाद • नंदुरबार • वाशिम • यवतमाल
**मध्य प्रदेश :** सेओनी ओडिशा : अंगुल
**राजस्थान :** बिजोलिया • सीकर

www.lightoflifetrust.org    +91-9820229445

@LightOfLifeTrustIndia @lightoflifetrust_lolt @lightoflifetrst lightoflifetrust youtube.com/c/lightoflifetrust

पेटीएम पर लाइट ऑफ लाइट ट्रस्ट को ऑनलाइन योगदान दें
https://m.paytm.me/LOLT
Contribute Now ! paytm